भारत सरकार

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2080

01 अगस्त, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

नर्मदापुरम जिले में ब्लड बैंक

2080. श्री दर्शन सिंह चौधरी:

श्री मुकेश राजपूत:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के पिपरिया में ब्लड बैंक स्थापित करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत कार्ड आयुर्वेदिक संस्थानों में मान्य है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) और (ख): एसबीटीसी मध्यप्रदेश द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, पिपरिया, नर्मदापुरम जिले की एक तहसील है, जहाँ 2000 यूनिट से कम वार्षिक रक्त की आवश्यकता के अनुसार एक क्रियाशील रक्त भंडारण वाला सिविल अस्पताल है। मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के पिपरिया में ब्लड बैंक स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) और (घ): राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, एबी पीएम-जेएवाई लाभार्थी 31,400 से अधिक अस्पतालों के नेटवर्क के माध्यम से इस योजना का लाभ पाने के पात्र हैं, जिनमें 14,194 निजी अस्पताल हैं।

*****